INDIA NEWS COMMUNICATIONS

PUBLICATION	EDITION	DATE
Ajit Samachar	Chandigarh	08/04/2017

कामधेनु नेक्स्ट नई पीढ़ी का इंटरलॉक स्टील

चंडीगढ़, 7 अप्रैल (एजेंसी): निर्माण के लिये इस्पात के आधुनिकीकरण की दिशा में कार्य करते हुए कामधेनु लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता वाले इंटरलॉक रीबार कामधेनु नेक्स्ट को बाज़ार में पेश किया। बेजोड़ मजबूती, बेहतर क्षमता वाला कामधेनु (कामधेनु नेक्स्ट) डबल रिब सरिये की उन्नत किस्म है, जिसे कंपनी ने काफी आर.एंड.डी के बाद बाज़ार में उतारा है। कंक्रीट को अन्य सरिये के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा इंटरलॉक पकड़ देने वाला कामधेनु नेक्स्ट सभी मानकों पर खरा है। उन्नत इस्पात उत्पाद को बाज़ार में पेश करने के लिये जानी जाने वाली कपंनी कामधेनु लिमिटेड ने एक बार फिर अपनी साख के अनुरूप काम करते हुए भारतीय बाज़ार में बेहतर इस्पात और इंटरलॉक स्टील को नई पीढ़ी का उत्पादन कामधेनु नेक्स्ट पेश किया है। नई पीढ़ी का इंटरलॉक स्टील कहा जाने वाला कामधेनु नेक्स्ट भूकम्प में भी बेहतरीन सुरक्षा प्रदान करता है। गगनचुंबी इमारतें आज के समय की ज़रूरत बनती जा रही है और इन इमारतों को सुरक्षा प्रदान करने में सरिया की भूमिका अहम होती है। जितनी बेहतर इंटरलॉकिंग होगी। इमारत उतनी ही टिकाऊ होगी। इसी के तहत कामधेनु नेक्स्ट को कंपनी ने काफी अनुसंधान के बाद विकसित किया।